Primary Teacher Education College
(PTEC) Mokama, Patna, Bihar

प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
(पीटीईसी), मोकामा, पटना, बिहार

Website:-www.ptecmokama.in Pin Code – 803303 Email Id:- ptecmokamapatna@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा

प्रा0 शि0 शि0 महाविद्यालय मोकामा, पटना में Rent for Vehicle, PTEC MOKAMA हेतु कार्यालय में सबसे निम्न दर वाले इच्छुक निविदाधारी अपना जीएसटी पंजीकृत संस्थान एवं एजेंसी कोटेशन के साथ दिनांक– 09.04.2026 के संध्या 5:00 बजे तक आमत्रित की जाती है। नजारत उप समाहर्ता, पटना के ज्ञापांक–2207 दिनांक–22.07.2025 के आलोक में वाहन किराया की राशि अनुमान है।

निविदा महाविद्यालय के कार्यालय/ई–मेल/डाक अथवा हाथों हाथ अनिवार्य रूप से ससमय उपलब्ध करायेंगे। उक्त तिथि के बाद प्राप्त कोटेशन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

01. विज्ञापनदाता का पदनाम :– प्रभारी प्राचार्य पी0टी0ई0सी मोकामा पटना।
02. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– 04.04.2026
03. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय :–दिनांक 09.04.2026 तक समय–5:00 PM तक
04. निविदा खोलने की अंतिम तिथि/समय :–दिनांक 10.04.2026 को समय–2:00 PM
05. निविदा खोलने का स्थान :–प्राचार्य कक्ष पी0टी0ई0सी0 मोकामा, पटना
06. कार्य पूर्ण करने का समय :–07 दिन
07. निविदताओं को निविदा के समय निम्नांकित प्रमाण पत्रों का उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
(क) व्यवसायिक वाहन का वाणिज्यिक निबंधन प्रमाण पत्र (ख) जी.एस.टी. का अद्यतन निबंधन प्रमाण पत्र
(ग) आयकर निबंधन, पैन–कार्ड प्रमाण पत्र (घ) वाहन का बीमा (ड.) रोड टैक्स (फास्ट टैग रिचार्ज) फिटनेस
(च) प्रदुषण प्रमाण–पत्र
08. सक्षम प्राधिकार/प्राचार्य के पास कोई कारण बताए निविदा के आंशिक/पूर्ण भाग कार्यों को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। इसके लिए किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
09. विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में संपर्क किया जा सकता है।
10. वाहन का बीमा, रोड टैक्स (फास्ट टैग रिचार्ज) फिटनेस, परमीट, प्रदूषण प्रमाण पत्र ड्राईविंग लाइसेंस आदि के लिए परिवहन निगम द्वारा निर्गत आदेशों के आलोक में अद्यतन होना चाहिए। वाणिज्यिक वाहन का रख रखाव, साफ–सफाई एवं अन्य मेन्टेनेन्स का दायित्व वाहन मालिक का होगा साथ ही गाड़ी चोरी या दुर्घटना अथवा अन्य क्षति की जिम्मेवारी विभाग की नहीं होगी।
11. वाहन के भुगतान पर नियमानुसार जीएसटी कर एवं आयकर का भुगतान गाड़ी उपलब्ध कराने वाले की होगी।
12. विभाग द्वारा निर्धारित दर या जिला पदाधिकारी द्वारा निर्धारित दर दोनों में से जो न्यूनतम होगा अनुमान होगां।
13. भाड़े पर वाहन 12 माह के लिए लिया जायेगा।
14. भाड़े पर दिए गए वाहन 24 घंटे संबंधित पदाधिकारी के नियंत्रण में रहेगी।
15. वाहन खराब होने की स्थिति में वाहन मालिक/एजेंसी का दायित्व होगा कि वे तुरंत दूसरा वाहन उपलब्ध करायेंगे एवं इसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को लिखित में देंगे। ऐसा नहीं करने पर उस माह के भाड़े का भुगतान नहीं किया जायेगा।
16. प्रत्येक माह संबंधित वाहन एजेंसी द्वारा 7वीं तारीख तक पूर्व माह की परिचालित वाहन का विपत्र समर्पित करना होगा।
17. प्रति सप्ताह वाहन के तौलीये की सफाई वाहन मालिक को करानी होगी।
18. वाहन के चालक यथासंभव उजले/स्काई ब्लू रंग के पोशाक में रहेंगे।
19. अंकित शर्तों को पूरा नहीं करने पर बिना कारण बताए वाहन का परिचालन बंद करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

विश्वासभाजन
ह0/–
प्रभारी प्राचार्य
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
मोकामा पटना।

ज्ञापांक–202 मोकामा दिनांक–04.04.2026

प्रतिलिपिः– क्रय समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– निर्देश दिया जाता है कि वृहित प्रचार–प्रसार हेतु संस्थान के सूचना पट्ट पर प्रकाशित करें।

प्रतिलिपिः– निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण शिक्षा विभाग पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् महेन्द्रू, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

Pratik 04/04/26
प्रभारी प्राचार्य
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
मोकामा पटना।